तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का विधायक ...



12 जमीन की रजिस्ट्री में अंगिता और श्वेता को...



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

18 गढ़ में गहराया संगठनात्मक विवाद, आरोपों पर दाईजबांधा सर्कल का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/पिथौरा

एक करोड़ रुपए के गबन और 27 लाख के हिसाब संबंधी आरोपों को बताया बेबुनियाद

ग्राम सिमगांव में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ में समानांतर संगठन गठन और केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह पर एक करोड़ से अधिक के गबन के आरोपों को खारिज करते हुए दाईजबांधा सर्कल के समाजजनों ने बेबुनियाद और राजनीतिक साजिश बताया है।

अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ राज सुअरमाल, सर्कल दाईजबांधा के समाजजनों ने कहा कि 25-26 जून 2023 की वैध महासभा से निर्वाचित मूल समिति ही वैध है। बसंता ठाकुर ने 12 मार्च 2024 को सामाजिक नियमावली की कंडिका 78 का उल्लंघन कर समानांतर संगठन बनाया है, जिसके बाद उन्हें मूल समिति के वित्त पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। केंद्रीय महामंत्री मनोहर ठाकुर ने आगे बताया कि अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ के पदाधिकारियों का चयन पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए महासभा के माध्यम से किया जाता है। समाज की दो दिवसीय महासभा 25 एवं 26 जून 2023 को बसना स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुई थी। इसमें सर्वसम्मति से देवेंद्र बहादुर सिंह को केंद्रीय अध्यक्ष, घासीराम माझी को कार्यकारी अध्यक्ष तथा बसंता ठाकुर को उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। परंतु



बसंता ठाकुर ने 12 मार्च 2024 को पिथौरा में सामाजिक नियमावली की कंडिका 78 का उल्लंघन करते हुए अलग से महासभा आयोजित कर अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ का समानांतर संगठन गठित कर लिया और स्वयं केंद्रीय अध्यक्ष बन गईं। इस प्रकार उन्होंने समाज को तोड़कर विवाद उत्पन्न कर दी। अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ की मूल सामाजिक संस्था, जिसका नेतृत्व विधिसम्मत केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह कर रहे हैं, को छोड़कर बसंता ठाकुर द्वारा अलग समानांतर संगठन बना लेने के पश्चात मूल केंद्रीय समिति की वित्तीय स्थिति के संबंध में जानकारी लेने के उनके अधिकार खो चुके हैं। बैठक में केंद्रीय महामंत्री एवं दाईजबांधा सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय उपाध्यक्ष डुमरौतीन ठाकुर, केंद्रीय सचिव निलेंद्र सिंह ठाकुर, सुअरमाल राज अध्यक्ष अंजोर ठाकुर, कसेकेरा सर्कल अध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर, राज संयोजक चंद्रकांत ठाकुर, संरक्षक जगसाय ठाकुर, संयोजक जगदेव ठाकुर, महामंत्री रामकुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष हेमसिंग ठाकुर, सचिव कमलसिंग ठाकुर, आडिटर राजू ठाकुर, सहसचिव हुपेंद्र ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, रुपनारायण ठाकुर, नोहर ठाकुर, जगदीश ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, डमरु ठाकुर, रिकेश्वर ठाकुर, नैनसिंग ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर, हिरामन ठाकुर,रेखा ठाकुर, जगरी बाई, गौरी, ममता ठाकुर, पुत्रा बाई ठाकुर, पुनाबाई ठाकुर, पीला बाई ठाकुर, मोतीन बाई ठाकुर, टिकेश्वरी ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, डिगेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

उत्सव : तैयारियों में जुटी समितियां, मैदान की साफ-सफाई और लाइटिंग कार्य जारी

शहर में दो स्थानों में होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विजया दशमी के अवसर पर इस वर्ष 40 फीट हाइट के रावण का दहन किया जाएगा। इसके निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। और कार्यक्रम की रुपरेखा भी तय कर ली गई है।

दशहरा रामायण समिति रामायण मंडली मानस भवन की बैठक स्वाध्याय केंद्र में रखी गई। बैठक में पं.जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में इस वर्ष दशहरा उत्सव आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की विजयी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी उत्सव में 40 फीट उंचे दशानन रावण के पुतले का



दहन किया जाएगा, जिसका निर्माण राधे श्याम यादव उर्फ राजू पेंटर द्वारा कालीमंदिर के पास निवास में विशेष वेशभूषा में तैयार किया जा रहा है। रामलीला मंचन 05 बजे प्रारंभ होगा। मंचन के पश्चात अग्नि बाण द्वारा रावण पुतला का दहन होगा। जिसके बाद आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।

सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा: साहू

दशहरा उत्सव आयोजन समिति के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि विजयादशमी उत्सव की तैयारी को लेकर पं. जयलाल प्रशाद शर्मा दशहरा मैदान में नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग द्वारा बेरीकेड्स, विद्युत विभाग द्वारा लाईट की व्यवस्था की जा रही है। साहू ने कहा कि पं. जयलाल शर्मा मैदान होने वाला यह उत्सव शहर कि संस्कृति पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहा बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे व नागरिक व विधायक व शासकीय अधिकारी शामिल होते हैं। आयोजन को बनाने के साथ–साथ सभी नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन पार्किंग पर विशेष ध्यान रखते पुलिस प्रशासन से सहयोग लिया जाता है।

यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में दसहरा उत्सव आयोजन समिति के भूपेंद्र राठौर, चंद्रशेखर साहू, तिलक साव, अग्रज शर्मा, गोवर्धन प्रधान, नरेश साहू, (दिशा नाट्य मंच) मनोज कुमार साहू, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, शत्रुहन नामदेव, किरण कुमार कन्नौजे, रामेश्वर साहू, गुलाब ठाकुर, सरदार सुमित ढिल्लो उपस्थित रहे।

इमलीभाठा में 20 फीट का रावण वध की तैयारी प्रारंभ



महासमुंद। शहर के इमलीभाठा क्षेत्र में भी दशहरा उत्सव की तैयारी जारी है। उत्सव समिति के सदस्य कृष्णा चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिवर्ष की भांति यह उत्सव मनाए जाने का 31 वर्ष है और आगामी अक्टूबर 20 शाम 6 बजे दशहरा मैदान इमलीभांठा में यह धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा। विगत दिनों आहूत बैठक में सदस्यों ने पूर्व की तरह कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रण लेते हुए सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। सदस्यों ने बैठक में मैदान की साफ़ सफाई, स्टेज निर्माण, राम लीला मंचन मंडली को आमंत्रित करने, दशानन वध पश्चात भव्य आतिशबाजी पर सहमति बनी।

कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कार की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 10 अक्टूबर को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 3231 से सब्जी (टमाटर) भरकर कुतरामाल (ओडिशा) की ओर जा रहा था। इसी दौरान एनएच 53 रोड झलप के सीजी 06 ढाबा के पास पिकअप वाहन से नितेश कुमार यादव उतरकर हाथ-मुंह धो रहा था, तभी रांग साईड से स्वीफ्ट डिजायर कार वाहन क्रमांक सीजी 04 एचजेड 4150 द्वारा आकर नितेश कुमार यादव को ठोकर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। जिसे भिलाई के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।





खबर संक्षेप

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम नरसिंगपुर में एक महिला के साथ उसकी तलाकशुदा बहू द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को भूमिसुता बारीक ने बताया कि वह अपने पति गोसाई बारीक व पुत्र दिवाकर बारीक के साथ रहती है और उसकी तलाकशुदा बहू प्रार्थिया के पुत्र के बनाए मकान में रहती है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका घर मिट्टी के घर में घर में बाथरूम नहीं होने से वह अपने पुत्र के मकान में गई थी, तभी उसकी बहू सुवर्ण बारिक मेरे घर में क्यों आये हो कहकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगी, जिससे बांये पैर, घुटना, दाहिने हाथ एवं पीठ में चोट आई है। जब उसके पति बीच बचाव करने आए तब सुवर्ण उनसे भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

तस्करी के आरोपी ने की अस्पताल से भागने की कोशिश, जुर्म दर्ज

महासमुंद। जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए तस्करी के आरोपी के भागने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। सरायपाली थाने में पदस्थ आरक्षक रामचरण यादव ने बताया कि 14 सितंबर को थाना सरायपाली के धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार आरोपी दिनेश राजपूत पिता आनंद (20 साल) स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सीएचसी सरायपाली ले जाया गया था, जहां डाक्टर द्वारा आरोपी को इलाज के लिए रेफर करने के बाद जिला अस्पताल महासमुंद में लाकर भर्ती किया गया। 15 अक्टूबर की सुबह 07.30 बजे से 8 बजे आरोपी को सुरक्षापूर्वक बाथरूम ले जाया गया था, लेकिन वार्ड में भीड़ होने का फायदा उठाते हुए आरोपी कही भाग गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 262 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

वाहन की टक्कर से बिजली खंभा क्षतिग्रस्त

महासमुंद। वाहन की टक्कर से खरोरा नहर के पास बिजली खंभा के क्षतिग्रस्त होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। 27 सितंबर को करीब 11.18 बजे ग्राम खरोरा रायपुर रोड नहर के पास लगे हुए विद्युत पोल को वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 7594 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिससे उक्त क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई थी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस एवं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



यादव महासभा के नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र से मुलाकात

सरायपाली। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव को गुलदस्ता भेंट कर पूर्व पार्षद व मुस्लिम समाज के सामाजिक कार्यकर्ता ग़ालिब हुसैन एवं दीपक मखीजा सिख समाज के सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार ने शुभकामनाएं दी।

ट्रैफिक चालान की एपीके फाइल भेज 2.90 लाख ठगे

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ ट्रैफिक चालान के नाम पर एपीके फाइल भेज 2.90 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा निवासी दीपक पाण्डेय ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने 13 अक्टूबर को ट्रैफिक चालान का लिंक भेजा। लिंक खोलने पर उसके अकाउंट से रुपए आहरित हो गए।

नमो-सेवा नुक्कड़ नाटक का मंचन, छात्रों ने दिया जनजागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा हायर सेकेंडरी स्कूल एवं बृजराज मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जनजागरूकता का संदेश दिया। बृजराज स्कूल परिसर एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित इस प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

नुक्कड़ नाटक का निर्देशन बृजराज मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक नरेश साहू ने किया। बृजराज स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल सिंह बजारा, एबीओ हीना धालेन, शिक्षक, पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, संवाद और प्रभावशाली प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। दोपहर 12 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर महासमुंद की एसडीएम अक्षा गुप्ता सहित नोटरी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। एसडीएम ने विद्यार्थियों के अभिनय एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता बढ़ाने में सभी को सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया।

एसडीएम अक्षा गुप्ता ने की विद्यार्थियों की सराहना

विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

नाटक में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बृजराज स्कूल से सिद्धि यादव, भूमि निर्मलकर, भावेश नेताम, लोकेश नेताम, वरुण ध्रुव, डिंपल नामदेव, आकांक्षा शर्मा, वाणी नारंग एवं आरोही डडसेना ने अभिनय किया। वहीं आशीबाई गोलछा स्कूल से डागेश्वरी साहू, धनिता ध्रुव, डिम्पल गोस्वामी, वंदना ध्रुव, पल्लवी ध्रुव, सिमरन रात्रे, गोपिका गिरी, भाग्य मेहर, राची सोनवानी एवं डिगेश्वरी यादव ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



शिक्षकों के सहयोग से हुआ आयोजन

नुक्कड़ नाटक के अभ्यास से लेकर मंचन तक आशीबाई गोलछा स्कूल के शिक्षक लता वैष्णव, संकुल समन्वयक सुरेन्द्र चंद्राकर तथा बृजराज स्कूल के खेल शिक्षक रेखराम ध्रुव, जमुना साहू, पुष्पांजली सिंह का विशेष सहयोग रहा। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस पहल ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में विद्यार्थियों की सहभागिता और सामाजिक जागरूकता का प्रेरक संदेश भी दिया गया।

आयोजन : नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने किया जागरूक

नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए महाविद्यालयों में लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों एवं विशेष शिविर के माध्यम से छूटे हुए पात्र मतदाताओं एवं 17 वर्ष से अधिक आयु के पात्र मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय पिथौरा में स्वीप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्राचार्य डॉ. एसएस दीवान के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शेखर कानूनगो के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से महाविद्यालय के पात्र विद्यार्थियों को मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना था।

इस अवसर पर एसडीएम पिथौरा शुभम देव तथा तहसीलदार पिथौरा मोहित अमिला उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा ईसीआईनेट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ साथ विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व एवं जागरूक मतदाता के रूप में उनकी भूमिका से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएस दीवान द्वारा विद्यार्थियों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को फॉर्म-06 का वितरण किया गया। इसी तरह शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा, स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में विशेष शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र विद्यार्थियों को मतदाता के रूप में पंजीकृत होने प्रोत्साहित करते हुए फार्म 06 का वितरण किया गया। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

अभियान के तहत मतदान केंद्रों एवं कॉलेजों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र युवाओं और नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। बूथ लेवल ऑफिसर भी अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर पात्र नागरिकों को पंजीयन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें तथा नाम दर्ज नहीं होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर अपना पंजीयन कराएं।



मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष अभियान तेज, जिले में अब तक 3,683 नए मतदाता जुड़े

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची को अधिक समावेशी एवं अद्यतन बनाने तथा किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में छूटने से रोकने महासमुंद जिले में स्पेशल ड्राइव अक्टूबर 2026 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से नए पात्र मतदाताओं के साथ ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूट गए पात्र नागरिकों को जागरूक कर उनका पंजीयन कराया जा रहा है। जिले में अब तक कुल 3,683 नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। इनमें 1,482 पुरुष एवं 2,201 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभावार महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में 1,314 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। इसी तरह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 961, बसना विधानसभा क्षेत्र में 975 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में 434 नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में पात्र नागरिकों तक पहुंच बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

महाविद्यालय में थियोडोलाइट पर एक दिवसीय कार्यशाला



सरायपाली। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल परिषद के तत्वावधान में थियोडोलाइट सर्वेक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक एवं व्यावहारिक सर्वेक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक ओपी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष एमएन सिदार ने की, जबकि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शब्या पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहीं। उद्बोधन में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं भूगोल विभागाध्यक्ष एमएन सिदार ने स्वागत भाषण में कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि भूगोल विषय केवल सैद्धांतिक नहीं बल्कि प्रयोगात्मक है, इसलिए परिषद भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास वाले कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि व प्रभारी प्राचार्य शब्या पटेल ने अपने संबोधन में भूगोल परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित होता है और उनमें शोध के प्रति रुचि जागृत होती है। मुख्य वक्ता ओपी पटेल ने विद्यार्थियों को थियोडोलाइट उपकरण की कार्यप्रणाली, इसके विभिन्न घटकों तथा क्षेत्रीय सर्वेक्षण में ऊर्ध्वाधर कोणों के मापन की तकनीक को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि भूगोल के अध्ययन में प्रयोगात्मक ज्ञान का अत्यधिक महत्व है और थियोडोलाइट का सटीक उपयोग विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उच्च अध्ययन में बेहद मददगार साबित होगा। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय एकता और नशामुक्ति का संदेश लेकर निकली बाइक रैली का स्वागत, युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली मुख्य परेड में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय मोटर साइकिल रैली निकाली जा रही है। इस वर्ष पहली बार आयोजित इस बाइक रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति और नशामुक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

ओडिशा टीम के बाइक राइडर्स का घंटेश्वरी मंदीर तिराहा सरायपाली में शासकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने तिलक एवं आरती के साथ आत्मीय स्वागत। किया गया। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, एसडीओपी सरायपाली चंद्रशेखर परमा तथा शासकीय महाविद्यालय बसना की प्राचार्य संध्या भोई ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। रैली का मुख्य उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन को मजबूत करना तथा युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। रैली में शामिल बाइक राइडर्स जहां से भी गुजर रहे हैं, वहां राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति और नशामुक्त समाज का संदेश दे रहे हैं।

ओडिशा टीम से आए बाइक राइडर्स निरीक्षक समर सिंह एवं विकास किशोर प्रधान के नेतृत्व में आगे बढ़ रही टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी भी दी। बाइक रैली ओडिशा सीमा से महासमुंद जिले के थाना सिंघोड़ा क्षेत्र में प्रवेश कर राष्ट्रीय राजमार्ग से आगे बढते हुए बसना के बाद सांकरा, पिथौरा, झलप चौक, पटेवा होते हुए तुमगांव पहुंची। जहां पर बच्चों एवं आम नागरिकों ने तुमगांव में भी बाइक रैली का स्वागत किया। बच्चों एवं आम नागरिकों की उपस्थित में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा बाइक रैली का स्वागत एवं बाइक राइडरों से परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक स्वयं उक्त बाइक रैली में शामिल हुए एवं रैली रायपुर जिले की सीमा की ओर रवाना हो गई। संपूर्ण कार्यक्रम में करीब 600 छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक एवं पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

बसना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र में नाबालिग से जुड़े गंभीर मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने, ब्लैकमेलिंग करने और पैसे की मांग करने के आरोप में दो मुख्य आरोपियों सहित तीन सह आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश किए जाने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

डेढ़ साल तक ब्लैकमेलिंग करने का आरोप

इस मामले में सामने आई जानकारी के मुताबिक, आरोपियों पर नाबालिग के अश्लील फोटो और वीडियो के जरिए उसे लगातार धमकाने का आरोप है। फोटो-वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कथित तौर पर पैसों की मांग की जाती थी। करीब डेढ़ साल तक ब्लैकमेलिंग किए जाने की बात सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस इस प्रकरण में उपलब्ध शिकायत, साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही है। मामले में दुष्कर्म, अश्लील सामग्री के जरिए धमकी और जबरन वसूली से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है। नाबालिग से संबंधित संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता की पहचान और उससे जुड़ी निजी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

बसना थाना क्षेत्र का यह मामला 13 अक्टूबर को थाने में हुए हंगामे के बाद चर्चा में आया था। इसके बाद पुलिस की कार्रवाई और जांच को लेकर लोगों की नजर बनी हुई थी। अब पांच आरोपियों की गिरफ्तारी और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद मामले में पुलिस की कार्रवाई सामने आई है।

रायपुर के कलचुरियों का सांस्कृतिक योगदान पुस्तक कलेक्टर को भेंट

महासमुंद। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश रायपुर के प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. विजय कुमार देशपांडे द्वारा खल्लारी मंदिर के पूर्वकालीन इतिहास जिसमें कलचुरियों के शासन पर वर्णित है तथा राजकीय प्रक्रिया का पूर्ण एतिहासिक वर्णन किया गया है, से संबंधित स्वरचित पुस्तक "रायपुर के कलचुरियों का सांस्कृतिक योगदान" कलेक्टर महासमुंद को संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर उनका स्वागत कर सप्रेम भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री भैयाराम चन्द्राकर, प्रांतीय उपाध्यक्ष-शिवकुमार साहू, तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ बागबाहरा अध्यक्ष आरके बुनकर, जिला महिला प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि महेश्वरी साहू, पेंशनर्स एसोसिएशन बागबाहरा के तहसील उपाध्यक्ष भीमसेन चन्द्राकर, सचिव डीके सेन, कार्यकारिणी सदस्य-संतूराम साहू, रेखराम साहू एवं राजेश प्रधान सम्मिलित रहे।

वृंदावन विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2026-27 के परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा परिणाम एवं उनके सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा, भगवान कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा-अर्चना किया गया। इस पालक-शिक्षक बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा-परिणाम, विषयवार उपलब्धियों तथा सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की जानकारी दी. साथ ही, विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर को बेहतर बनाने, नियमित गृहकार्य, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं नियमित उपस्थिति के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर में संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में नियमित सहयोग करें तथा घर पर अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच आपसी संवाद और समन्वय को विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण बताया एवं कक्षावार छात्रों का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की। विद्यालय के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10वी तक के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं से लोकेश यादव प्रथम, अनुभूती साहु द्वितीय, कक्षा 6वीं से पूजा देवांगन प्रथम, माही कोसले द्वितीय, कक्षा 7वीं से अंजलि चंद्राकर प्रथम, दिव्या पटेल द्वितीय, कक्षा 8वीं से अनुश्री प्रथम, नारायण द्वितीय, कक्षा 9वीं से कुमुद प्रथम, भिगेश्वरी द्वितीय, कक्षा 10वीं से पुर्वश प्रथम, प्रियंका द्वितीय का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस पालक-शिक्षक बैठक में उपस्थित पालकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संयुक्त प्रयासों द्वारा शैक्षणिक प्रदर्शन में निरंतर बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए तथा शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस पालक-शिक्षक बैठक का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग को मजबूत करना तथा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति को सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीन साहू तथा आभार व्यक्त उपप्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा किया गया।



गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में दशहरा उत्सव एवं गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

महासमुंद। गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में दशहरा पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक समारोह एवं गरबा-डांडिया का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से उत्सव को यादगार बना दिया। समारोह का शुभारंभ माँ दुर्गा की आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दशहरा पर्व के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दन पर नृत्य नाटिका ने वातावरण को रोमांचक एवं धार्मिक बना दिया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गरबा एवं डांडिया नृत्य रहा। मधुर संगीत की धुनों पर थिरकते विद्यार्थियों के लयबद्ध कदमों और आकर्षक नृत्य मुद्राओं ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। माँ दुर्गा की स्तुति पर आधारित प्रस्तुति ने नवरात्रि की भक्ति और शक्ति के भाव को सजीव कर दिया। विद्यार्थियों के उत्साह, सामूहिक तालमेल और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग और रचनात्मकता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्य, विनम्रता और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

नवरात्रि की धूम, प्रधानमंत्री के नाम से भी जले हैं अखंड ज्योत



महासमुंद। अंचल में क्वांर नवरात्रि उत्साह के साथ मनाई जा रही है। पंचमी तिथि पर देवी मंदिरों में विशेष उत्साह भक्तों का नजर आया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे थे।नगर के दुर्गा पंडालों में भी श्रद्धालुओं की खासी उपस्थिति रही। देर रात तक माता सेवा का दौर जारी रहा। बरोंडा चौक स्थित जय मां भवानी दुर्गा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से भी ज्योत प्रज्वलित की गई है। मंदिर के पं. हेमंत द्विवेदी ने बताया कि देश की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए नारायण निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्योत प्रचलित किया है। यहां कुल 387 अखंड ज्योत मनोकामना के जलाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे अष्टमी का हवन किया जाएगा। पंचमी के अवसर पर भवानी माता का विशेष श्रृंगार यहां किया गया था देर रात तक दर्शनार्थी दर्शन लाभ लेते रहे। इसी तरह बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में भी पंचमी के अवसर पर नगर पुरोहित पंकज तिवारी द्वारा मां दुर्गा का कुमकुम अर्चन कराया गया। जिसमें यजमान महिलाओं ने माता को कुमकुम अर्पण किया पश्चात संध्याकालीन महाआरती हुई जसगीत के साथ बाना सांग का प्रदर्शन किया गया।

चैतन्य देवियों की झांकी से आध्यात्मिकता शांति और नारी शक्ति का संदेशः स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, बीके पुष्पा, बीके तोमेश्वरी, बीके सावित्री एवं बीके दीपांजलि बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक एवं आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। चैतन्य देवियों के माध्यम से आध्यात्मिकता, शांति, पवित्रता, सद्भाव और नारी शक्ति का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। माँ दुर्गा के दिव्य स्वरूपों के दर्शन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सृजन और संस्कारों का प्रतीक माना गया है। माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूप हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, सत्य



के मार्ग पर चलने और समाज में धर्म एवं सदाचार की स्थापना करने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि आज के समय में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों का महत्व और भी बढ़ गया है। ऐसे आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव, सकारात्मकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का कार्य भी करते हैं। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आध्यात्मिक जागृति के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। चैतन्य देवियों की झांकी के माध्यम से लोगों को आत्मचिंतन, आत्मिक शांति और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा मिलती है। नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण के बिना एक सशक्त एवं संस्कारित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। भारतीय परंपरा में मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। हमें अपने दैनिक जीवन में नारी का सम्मान करने, परिवार में संस्कारों को मजबूत बनाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। छह दिवसीय यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आध्यात्मिक एवं धार्मिक आकर्षण का केंद्र रहेगा। चैतन्य देवियों की झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के साथ आध्यात्मिक चिंतन, शांति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

उपकार भवन में सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी



महासमुंद। नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 5 दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी तुमगांव रोड़ स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में सजाई गई है। संध्या 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से ब्रम्हाकुमारी भाई बहने राजयोग मेडिटेशन द्वारा अष्ट शक्तियों की पुनः प्राप्ति की रहस्य समझाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20 वाहिनी अश्वनी पूजा तिर्की एवं दिनेश्वरी नंद 20वीं वाहिनी सेनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी का शुभारंभ किया गया। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने झांकी चैतन्य देवियों की झांकी सजाने का मूल उद्देश्य बताते हुए कहा कि राजयोग मेडिटेशन साधना एवं महीनों की तपस्या से शरीर और मन की एकाग्रता को बढ़ाना जो ब्रम्हा कुमारी बहने करतीं है। इस राजयोग मेडिटेशन से शरीर और मन पूर्ण रूप से नियंत्रण में रहता है और इस चैतन्य झांकी से दर्शकों में यह सन्देश जाता है कि दैवी गुण केवल मूर्तियां में नहीं बल्कि हर मनुष्य के भीतर वास करते है। यह चैतन्य झांकी हमें सिखाता है अपने भीतर की नकारात्मकता को छोड़ कर पवित्रता शांति प्रेम और दिव्य गुणों को अपनाना है। उन्होंने सभी देवियों के नामों के अर्थ को समझाते हुए कहा जैसे मां शैलपुत्री हमारे जीवन में स्थिरता को अपनाना सिखाता है। मां ब्रह्मचारिणी मन वचन कर्म की पवित्रता का प्रतीक है। अंत में सभी अतिथियों को सात दिवसीय राजयोग शिविर में भाग लेने का ईश्वरीय नियंत्रण दिया।

टोंगोपानी कला में पंचमी पर हुई विशेष आराधना



महासमुंद। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानीकला के बड़ चौक दुर्गा पंडाल में शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की विशेष आराधना हुई। इस अवसर पर फ्रेंडस ग्रुप दुर्गाउत्सव समिति एवं सभी श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ दुर्गा माता के पांचवां रूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर घर की सुख समृद्धि और शांति की कामना की। पंचमी के दिन मां को प्रसन्न करने के लिए विशेष सोलह श्रृंगार माता को अर्पित किया। रात्रि में पारंपरिक सेवा और जसगीत का गायन किया गया।

नगर के दुर्गा पंडालों में विधायक ने पहुंचकर की पूजा-अर्चना, माता से की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्रि के पंचमी तिथि पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचे, जहां उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माता रानी के समक्ष माथा टेककर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही पूजा समितियों के सदस्यों और श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम भी जाना।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दुर्गा पंडालों में आकर्षक सजावट, धार्मिक आयोजन और भक्ति गीतों से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। उन्होंने नवरात्रि के इस पावन पर्व को आस्था, शक्ति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताते हुए कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें सत्य, धर्म और सदाचार



के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह पर्व समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश भी देता है।

उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि महासमुंद सहित पूरे क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा सभी नागरिकों के जीवन में सुख और सकारात्मकता का संचार हो। नवरात्रि का यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग लेकर आए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, पीयूष साहू, दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, अमित साहू, रामेश्वर पटवा, गुड्डा सिन्हा, शुभम पांडे सहित अन्य उपस्थित थें।

नवीन छात्रों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन छात्र-छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में महासमुंद के विभिन्न वार्डों से आए बूथ लेवल ऑफिसर्स अंजू प्रजापति, सुधा रात्रे, रेणुका निषाद एवं सुशीला हरपाल ने विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। मुख्य वक्ता सुधा रात्रे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य के निर्माता हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा पात्रता पूर्ण होने पर मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। जागरूक युवा ही देश के लोकतांत्रिक भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची में संशोधन से संबंधित फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 की जानकारी दी गई। साथ ही, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन करने की प्रक्रिया समझाई गई। विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने तथा अन्य पात्र नागरिकों को भी जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक हिंदी प्रतिमा चंद्राकर, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक रवि देवांगन एवं वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे सहित महाविद्यालय के अन्य शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता आलोक हिरवानी (कंप्यूटर विज्ञान), माधुरी दीवान (वाणिज्य), चित्रेश बरेठ (रसायनशास्त्र), अतिथि ग्रंथपाल खुशबू सिन्हा, लैब टेक्नीशियन शेष नारायण साहू एवं जगतारण बघेल, प्रयोगशाला परिचारक हेमा साहू एवं प्रिया साहू तथा डेटा एंट्री ऑपरेटर मोरध्वज कनौजे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रम विभाग ने जिले के 4,736 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को 1.63 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि से किया लाभान्वित

महासमुंद। जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों को श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से महासमुंद आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अभियान के अंतर्गत जिले के 4,736 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 63 लाख 15 हजार 203 रुपये की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया है। इन योजनाओं से जहां श्रमिक परिवारों को शिक्षा, सुरक्षा और आजीविका संबंधी जरूरतों में मदद मिल रही है, वहीं विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को भी आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है। जिले के ग्राम शेर निवासी स्व. विनय कुमार साहू पंजीकृत निर्माण श्रमिक थे। ग्राम लभराखुर्द में निर्माणाधीन शीतला माता मंदिर की दीवारों पर पानी डालने के दौरान विद्युत तार के संपर्क में आने से एक दुर्घटना में उनका निधन हो गया। इस दुखद घटना से परिवार के सामने भावनात्मक आघात के साथ-साथ भविष्य की जिम्मेदारियों को पूरा करने की चुनौती भी खड़ी हो गई। ऐसी कठिन परिस्थिति में स्व. विनय कुमार साहू की पत्नी नीलम साहू ने श्रम विभाग में संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। विभागीय प्रक्रिया के तहत उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए उत्तराधिकारी के रूप में उनकी पत्नी नीलम साहू को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। नीलम साहू ने बताया कि इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जरूरतों को पूरा करने और अपने अधूरे घर का निर्माण पूरा करने में करेंगी। इससे बच्चों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में उन्हें मदद मिलेगी। जिले में श्रम विभाग द्वारा दस योजनाओं के माध्यम से 4,736 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 63 लाख 15 हजार 203 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 129 हितग्राहियों को 25 लाख 80 हजार रुपये, मुख्यमंत्री औजार सहायता योजना के तहत 357 हितग्राहियों को 12 लाख 39 हजार 203 रुपये तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 663 हितग्राहियों को 11 लाख 45 हजार 500 रुपये की सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत 61 हितग्राहियों को 3 लाख 28 हजार रुपये, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत 569 हितग्राहियों को 8 लाख 53 हजार 500 रुपये तथा निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चार हितग्राहियों को कुल 2 लाख रुपये की सहायता दी गई। इसी तरह मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत पांच मृतक श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को कुल 5 लाख रुपये, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 254 हितग्राहियों को 50 लाख 80 हजार रुपये तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 24 हितग्राहियों को 4 लाख 80 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

गढ़सिवनी स्कूल में विज्ञान मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से किया ज्ञान का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय पदुमन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में विज्ञान मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य तुलेंद्र सागर के निर्देशन में व्याख्याता सरिता जैस्वार एवं शिक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल एवं हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल, चार्ट एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से विज्ञान को सरल, रोचक और व्यावहारिक रूप में समझाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान के सिद्धांतों को दैनिक जीवन से जोड़ते हुए उनकी उपयोगिता एवं महत्त्व को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में मानव शरीर की कार्यप्रणाली, पृथ्वी, ताप एवं ऊष्मा का संचलन, प्रकाश एवं परावर्तन, पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक अभिक्रियाओं तथा विभिन्न वैज्ञानिक घटनाओं से संबंधित विषय शामिल रहे। कक्षा 11वीं की काजल सोनकर ने विज्ञान विषय पर प्रस्तुति दी, जबकि तनीषा ने पानी में आग लगाने से संबंधित वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की हर्षिता ने हमारी पृथ्वी, मनशी ध्रुव ने विज्ञान के स्त्रोत तथा युगेंद्र ने ताप एवं उष्मा का संचलन विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा



10वीं की दामिनी ने हृदय एवं रक्त वाहिकाओं तथा हृदय की कार्यप्रणाली को समझाया। कक्षा 11वीं की लीना एवं कक्षा 10वीं की कियानी ने गुर्दे की संरचना एवं कार्यों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की।

इसी क्रम में कक्षा 11वीं के खिलेश ने रासायनिक यौगिकों से रंग परिवर्तन, ईशा साहू ने ज्वालामुखी से उत्सर्जित गैसों तथा कक्षा सातवीं की जिज्ञासा ने प्रकाश एवं परावर्तन विषय पर प्रस्तुति दी। कक्षा 12वीं की कुनी ध्रुव ने पर्यावरण संरक्षण, कक्षा 12वीं की ममता ने वैक्यूम से संबंधित विषय तथा कक्षा नौवीं की नेहा साहू ने ऑक्सीजन की आवश्यकता पर जानकारी दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कक्षा 10वीं की छात्राओं नियति, साक्षी, झरना एवं दामिनी द्वारा प्रस्तुत विज्ञान आधारित नृत्य-नाटिका के माध्यम से छात्राओं ने प्लास्टिक के उपयोग, उससे उत्पन्न पर्यावरणीय समस्याओं तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वोमन लाल ठाकुर व राधेश्याम यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में वोमन लाल ठाकुर, रितेश जोशी, सरिता जैस्वार, लक्ष्मी ठाकुर, ममता शर्मा, लुकेश आवले, योगेश साहू, राधेश्याम यादव, तारणी साहू, मंथिर यादव, मनीष भृंगराज एवं पुरुषोत्तम कमार सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य तुलेंद्र सागर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास होता है। विज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर प्रयोगों, मॉडलों और दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझना आवश्यक है।



लायंस क्लब ने किया न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। गांधी सेवा सप्ताह में अन्नपूर्णा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत लायंस क्लब द्वारा शहर लगे ग्राम तुमाडबरी के प्राथमिक शाला के बच्चों को नेवता भोज कराया गया। नेवता भोज का प्रमुख उद्देश्य गांव के बच्चों को थोड़ी सी खुशियाँ बांटने एवम् उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का अनुपम प्रयास है। नेवता भोज में बच्चों को मिष्ठान्न, नमकीन, बिस्किट्स एवम् फल परोसा गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के लायन पारस चोपड़ा, लायन नुकेश चंद्राकर, लायन मूलचंद लद्धा, लायन ताराचंद चांडक, लायन अवतार सिंह मल्होत्रा, लायन राजा चोपड़ा, लायन गुमान जैन, डाइट संस्था की प्रशिक्षण प्रभारी डडसेना आदि मौजूद रहे।



श्याम स्कूल में गरबा उत्सव का आयोजन

महासमुंद। स्थानीय श्याम विद्या मंदिर/ उत्तर माध्यमिक विद्यालय / श्याम इंग्लिश मीडियम स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेज बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य बीना राजपूत, शिक्षकगण अग्रिमा अग्रवाल, गीतांजलि यादव, अमित लामा, योगिता यादव, कीर्ति यादव, जय साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा अग्रिम अग्रवाल ने तैयार किया। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रमुख मीना राजपूत ने दी है।

पिथौरा पीएमश्री विद्यालय में हुई कार्यशाला में छात्रों ने सीखे पत्रकारिता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

स्थानीय पीएमश्री विद्यालय में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय पर एक विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। शिक्षिका नम्रता यादव के विशेष मार्गदर्शन और समन्वय में आयोजित इस कार्यशाला में पत्रकार परमीत सिंह माटा एवं पत्रकार विजय गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को मीडिया की व्यावहारिक कार्यप्रणाली से रूबरू कराया।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए पत्रकारों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया के प्रभाव तथा जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को समाचार संकलन, तथ्यों की जांच और समाचार लेखन के छह ककारों (क्या, कहाँ, कब, कौन, क्यों और कैसे) की बुनियादी जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने फील्ड रिपोर्टिंग की चुनौतियों और मीडिया में करियर की संभावनाओं को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका अतिथियों ने सहजता से समाधान किया। शिक्षिका नम्रता यादव व विद्यालय परिवार ने इस व्यावहारिक पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप



नवदुर्गा उत्सव समिति में छप्पन भोग का वितरण

महासमुंद। ग्राम खरोरा में शारदीय नवरात्रि के पंचमी पर्व पर मां नवदुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा में मां दुर्गा पूजा अर्चना कर के छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। स्वर्गीय कोमल कनौजे की स्मृति में उनकी पत्नी क्रांति कनौजे द्वारा यह छप्पन भोग लगवाया गया। इस दौरान ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बेलसोंडा में आसन गद्दी पूजा एवं विशाल सत्संग समागम आज

महासमुंद। गुरु घासीदास बाबा के आसन गद्दी पूजा एवं विशाल सत्संग समागम का आयोजन 17 अक्टूबर शनिवार को ग्राम बेलसोंडा निवासी संत जेठू राम जांगड़े के निवास पर किया जाएगा। यह आयोजन सतनाम धर्म प्रचारक संत खूबलाल टंडन बाबा के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर सतनाम की परंपराओं के अनुरूप श्रद्धालुओं को कंठी एवं जनेऊ धारण कराया जाएगा। कार्यक्रम में दूर-दराज से संत समाज एवं श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होंगे। समागम में शामिल होने वाले संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन तथा ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन का उद्देश्य गुरू घांसीदास बाबा के संदेश, गुरु भजनों एवं आध्यात्मिक विचारों का प्रचार-प्रसार करना तथा संत समागम के माध्यम से समाज में सद्भावना एवं भाई चारे को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने समस्त संत समाज एवं श्रद्धालु भक्तगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने तथा इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी बेलसोंडा रविशंकर जांगड़े ने दी।

हजरत सूफी शहीद इस्लाम शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स कल

महासमुंद। हजरत सूफी शहीद



इस्लाम शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक रविवार 18 अक्टूबर को ग्राम देवरी शरीफ राजिम, जिला गरियाबंद में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उर्स कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 7 बजे परचम कुशाई, दोपहर 2 बजे दरूदखानी, शाम 4 बजे संदल व चादर शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस ग्राम देवरी के सरपंच नंद कुमार साहू के मकान से रवाना होकर दरगाह शरीफ पहुंचेगा। शाम 7 बजे आम लंगर एवं उलमा-ए-किराम की तकरीर होगी। इसके बाद तकरीर, कुल की फातिहा सहित अन्य धार्मिक रस्में अदा की जाएगी। उर्स कमेटी ने सभी अकीदतमंदों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हजरत बाबा के फैज-ओ-करम से लाभान्वित हों और इस मुबारक आयोजन को सफल बनाएं। उक्त जानकारी उर्स कमेटी के नायब सदर सरफराज राजवानी एवं पूर्व पार्षद शकील खान ने दी।

निर्माण कार्य : प्लांट के निर्माण लगभग 4 करोड़ रुपए की आएगी लागत

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का विधायक व नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए खरोरा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस प्लांट के निर्माण पर लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के सतत प्रयास एवं परिषद सदस्यों के सहयोग से नगरवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। नगर सीमा के अंतर्गत कुल 12 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से तीन एसटीपी स्थापित किए जाने हैं। इन एसटीपी प्लांटों का निर्माण क्रमशः खरोरा, बंधवा तालाब एवं परसकोल रोड स्थित शासकीय भूमि पर किया जाना है, जिसके तहत प्रथम चरण में खरोरा में प्लांट स्थापित करने के लिए कार्य का शुभारंभ आज किया गया। इस परियोजना से नगर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा अपशिष्ट जल प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी और नगरवासियों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। शहर से निकलने वाले गंदे पानी का वैज्ञानिक पद्धति से उपचार कर उसका पुनः उपयोग निस्तारी एवं अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना महासमुंद के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। शासन की मंशा के अनुरूप शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ऐसे कार्य आवश्यक हैं। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि यह हमारे परिषद का संकल्प था कि महासमुंद को स्वच्छ और स्वस्थ नगर बनाया जाए। आज खरोरा से हमने इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। आने वाले समय में बंधवा तालाब और परसकोल रोड में भी एसटीपी का निर्माण होगा। जिससे पूरे शहर के ड्रेनेज सिस्टम में सुधार आएगा। यह परियोजना केवल निर्माण कार्य नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण की नींव है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति जितेंद्र ध्रुव, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, मनीष शर्मा, धनेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, पीयूष साहू, मुन्ना देवार, महेंद्र जैन सांसद प्रतिनिधि, एल्डरमैन हनीश बग्गा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, सरपंच वीणा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित थे।

खेड़ीगांव में आज सजेगी सुरों की महफिल, कंचन जोशी देंगी संगीतमय प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



नवरात्रि पर्व पर ग्राम विकास समिति खेड़ीगांव द्वारा 17 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गौठान परिसर खेड़ीगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका कंचन जोशी अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के संगीतप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम विकास समिति खेड़ीगांव के अध्यक्ष करन दीवान ने अंचलवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह संगीतमय आयोजन नवरात्रि के उत्सवी माहौल को और भी आनंदमय बनाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से 17 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे गौठान परिसर, खेड़ीगांव पहुंचकर गीत-संगीत का आनंद उठाने तथा आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।



मानव व्यवहार सूत्र कार्यशाला में सम्मिलित होंगे अनेक सत्संगी: गेंदलाल

महासमुंद। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही में 17 से 21 अक्टूबर तक मानव व्यवहार सूत्र कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला निशुल्क है। भोजन, आवास, जीवन विद्या अध्ययन ज्ञान, निशुल्क आवागमन की सुविधा के साथ होगा, जिसका संपूर्ण व्यय मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही व चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल व्यय करेगी। शिक्षक गेंदलाल कोकडिया इस आश्रम के संचालक है।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में मणिश्वर का चयन



महासमुंद। रायपुर में 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होने वाले छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में महासमुंद जिला के होनहार प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी एवं महासमुंद फिजिकल एकेडमी के सीनियर ट्रेनर मणिश्वर यादव का चयन संस्कारधानी स्ट्राइकर के टीम में हुआ है। इस लीग में कुल 6 टीमें भाग लेगी। इन सभी 6 टीमों में प्रदेशभर के सभी प्रतिभावान खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेगा। सभी खिलाड़ी 5 दिन के कैंप में शामिल होंगे। मणिश्वर कैंप में शामिल होने के लिए महासमुंद से रवाना हो गए। कैंप में जाने से पहले महासमुंद फिजिकल एकेडमी के संचालक टिकेश्वर साहू, ट्रेनर सोनिया बंदे, राजेंद्र धीवर, अभिषेक अंबिलकर, डागेंद्र, पोखराज, भूपेंद्र, संजय, दुलेश्वर, लक्की एवं हॉकी के अन्य खिलाड़ियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए रवाना किया।

जमीन की रजिस्ट्री में अंगिता और श्वेता को मिली छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम नागरिकों के हित में संचालित पारदर्शी, सुलभ एवं जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। विशेष रूप से महिलाओं को जमीन की रजिस्ट्री में दी जा रही छूट आर्थिक राहत के साथ उन्हें संपत्ति के स्वामित्व और परिवार के भविष्य को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान कर रही है। महासमुंद जिले में पंजीयन विभाग के माध्यम से संपन्न हुए दो भूमि पंजीयन प्रकरण इस सफलता और उसके प्रत्यक्ष लाभ को दर्शाते हैं।

जिले के प्रथम प्रकरण में मुडियाडीह निवासी बैसाखिन द्वारा विक्रय की गई ग्राम खट्टी स्थित 0.06 हेक्टेयर भूमि का क्रय बरछा



निवासी अंगिता चंद्राकर ने किया। इस भूमि की रजिस्ट्री के दौरान उन्हें स्टांप शुल्क में 2,700 रुपए तथा पंजीयन शुल्क में 5,400 रुपये की छूट प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 8,100 रुपये की बचत हुई। यह राशि उनके परिवार की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगी। रजिस्ट्री प्रक्रिया में मिली इस राहत से क्रेता को संपत्ति क्रय के दौरान होने वाले खर्च में कमी का लाभ मिला। द्वितीय प्रकरण में महासमुंद निवासी अनीता द्वारा विक्रय की गई महासमुंद स्थित 1,200 वर्गफीट भूमि का क्रय बिहार के गया निवासी श्वेता एनेस्की ने किया। पंजीयन के दौरान उन्हें स्टांप शुल्क में 3,350 रुपये और पंजीयन शुल्क में 6,700 रुपये की छूट मिली। इस प्रकार उन्हें कुल 10,050 रुपये की बचत हुई। श्वेता एनेस्की ने इस बचत राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और बेहतर शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में करने की बात कही है। शासन की इस जनकल्याणकारी प्रक्रिया से लाभान्वित अंगिता चंद्राकर एवं श्वेता एनेस्की ने रजिस्ट्री में मिली आर्थिक छूट और सरल पंजीयन प्रक्रिया पर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को दी जा रही यह राहत परिवार की आर्थिक मजबूती और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी है। पंजीयन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के साथ रजिस्ट्री के उपरांत स्वचालित एवं त्वरित नामांतरण की व्यवस्था भी हितग्राहियों के लिए राहत है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया के लिए बार-बार पटवारी और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने की परेशानी कम होती है।

डोकरपाली में पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार



अरंड (पिथौरा)। ग्राम डोकरपाली के शांति नगर मेंमाता-बहनों ने पंचमी व्रत रखकर माता दुर्गा की पूजा- अर्चना कर श्रृंगार किया। जिसमें नेहा दीवान, राधिया दीवान, सीमा यादव, वोगिता दीवान, कुमकुम यादव, लीला यादव, गरिमा यादव, भगवती दीवान, प्रतिज्ञा दीवान, भोजबाई दीवान, कुसुम कोसरिया, लीना कोसरिया, रिया कोसरिया, नम्रता कोसरिया, लीसा कोसरिया, प्रभा प्रभाकर, सोनिया कोसरिया, ज्योति, लुकेशवरी सोनवानी, छाया साहू, कविता दीवान, दुर्गा दीवान, खेमिन यादव, भुनेश्वरी, चेतन देवांगन, खगेश्वरी दीवान, इशिका कोसरिया आदि मौजूद रहे।

महर्षि विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गरबा उत्सव

महासमुंद। महर्षि विद्या मंदिर मचेवा के विद्यालय प्रांगण में नवरात्रि पर्व पर प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक समिति द्वारा गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा और गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। विद्यार्थियों ने संगीत और नृत्य के माध्यम से नवरात्रि पर्व की उमंग एवं उत्साह को जीवंत कर दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पारंपरिक लोकनृत्यों एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराना तथा उनमें सांस्कृतिक मूल्यों, रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार विद्यालय प्रांगण में गरबा उत्सव हर्षोल्लास, उमंग एवं सांस्कृतिक सौहार्द्र के साथ हुआ।



खट्टी के पटेल परिवार ने किया ज्योत-जंवारा की स्थापना

नर्रा। शारदीय नवरात्रि पर्व पर ग्राम खट्टी स्थित पटेल परिवार के निज निवास में पूर्ण विधि-विधान, मंत्रोच्चार एवं भक्तिभाव के साथ अखंड मनोकामना ज्योत एवं जंवारा की स्थापना की गई है। जंवारा स्थापना के साथ ही संपूर्ण परिसर माता रानी की भक्ति के रंगों में सराबोर हो गया है। इस पावन अवसर पर अंचल के सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों का आगमन जारी है। इसी कड़ी में पटेल समाज के जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं समाज के प्रमुख अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल समेत अन्य श्रद्धालुओं ने पटेल परिवार के निवास पहुँचकर स्थापित ज्योत-जंवारा एवं माता रानी के दर्शन-पूजन किए। जनपद सदस्य लोचन पटेल तथा उपस्थित समाज प्रमुखों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और ग्रामवासियों की खुशहाली की कामना की।

